## एक नजर में

### किसान संघ की बैठक सम्पन्न



**घट्टिया।** भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक शनिवार को संपन्न हुई। बैठक में किसानों को बैंक के नोटिस आना, बिजली की समस्या, खाद की समस्या, आदि विषयो पर चर्चा की गई। साथ ही बैठक में लैंड पूलिंग योजना समाप्त होने पर 26 दिसंबर को किसान संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने पर भी चर्चा की गई। बैठक में जिला मंत्री ईश्वरसिंह राजपूत, जिला जैविक प्रमुख राधेश्याम बैरागी, तहसील पालक कैलाश विश्वकर्मा, जिला सदस्य विक्रमसिंह, बाबूलाल मेहता, निर्भयसिंह, जीवन सिंह, मेहरबान सिसोदिया, नागेश कुमावत, मनोहर सिंह राजपूत उपस्थित थे ।

### कलश यात्रा के साथ कथा होगी प्रारंभ



**घट्टिया।** समीपस्थ गाव जैथल में रविवार से सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन होगा। बाल कृष्ण लाल मंदिर के सामने प्रांगण में आयोजित होने वाली कथा में राष्ट्रीय संत पंडित राजेश्वर महाराज विट्ठल आश्रम बड़नगर वाले भक्तों को कथा का रसपान कराएंगे। रविवार प्रातः 10 बजे 84वे महादेव श्री दुर्देश्वर महादेव मंदिर से कलश यात्रा प्रारम्भ होकर कथा स्थल पहुचेगी। प्रथम दिवस भागवत कथा श्रवण महत्त्व की कथा सुनाई जाएगी।

### जनपद के ग्राम भाटखेड़ी में आत्म निर्भर भारत अभियान जीएसटी बचत सम्मेलन कार्यक्रम



**खाचरौद।** शासन के निर्देशानुसार विधानसभा स्तरीय आत्म निर्भर भारत अभियान सह जीएसटी बचत सम्मेलन कार्यक्रम क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य व मुख्य कार्यापालन अधिकारी जंनपद पंचायत गिर्राज शर्मा, मण्डल अध्यक्ष धर्मेन्द्र पाटीदार, पूर्व जनपद अध्यक्ष मांगीलाल पाटीदार, पूर्व जनपद अध्यक्ष रामलाल धाकड., पूर्व मण्डल अध्यक्ष पर्वतसिंह केसरिया, पूर्व मण्डल अध्यक्ष लालसिंह बंजारी, पूर्व जनपद अध्यक्ष श्यामाबाई मालवीय, सरपंच मधुबाला धाकड.की उपस्थित में ग्राम भाटखेंडी के माध्यमिक विधालय में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागो द्वारा प्रदर्शनी के माध्यम से विभागों में किए गए उत्कृष्ट कार्य एवं विभागीय गतिविधि की प्रदर्शनी के माध्यम से हुआ कार्यक्रम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन विभाग द्वारा 11 समुह को 51,22,000 रूपये। कि वित्तीय सहायता आजीविका गतिविधि निरंतर संचालन हेतु बैंक के माध्यम से उपलब्ध करवाई हैं। कार्यक्रम मे ब्लॉक जनपद पंचायत से खण्डाधिकारी चुन्नीलाल परमार, लेखाधिकारी अशोक कुमार त्रिपाटी, मनरेगा राकेश जाटवा, ब्लॉक प्रबंधक वैष्णवी धाकड़, सहायक ब्लॉक प्रबंधक मनोज वर्मा, रविन्द्र डावर एंव अधिकारीगण उपस्थित थे।

### जैन सोशल ग्रुप ने किया गर्म वस्त्रों का वितरण

**खाचरौद।** जैन सोशल ग्रुप मैत्री द्वारा सामाजिक सरोकार के अंतर्गत एक सेवा एवं संवेदनशीलता से परिपूर्ण शीत राहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत उस गरीब बस्ती में, जहां दैनिक मजदूरी कर जीवन यापन करने वाले रोज कमाओ रोज खाओ वर्ग के लोग निवास करते हैं, जरूरतमंद महिलाओं, बच्चों एवं पुरुषों को शीत से बचाव हेतु जर्किन, स्वेटर, कंबल, मफलर, हुडी एवं अन्य ऊनी वस्त्रों का वितरण किया गया। इस सेवा कार्य में 165 जरूरतमंद लाभार्थियों को राहत सामग्री प्रदान की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मध्य प्रदेश रीजन अध्यक्ष राहुल चपडोद, जैन सोशल ग्रुप इंटरनेशनल फेडरेशन के इंटरनेशनल डायरेक्टर हेमंत जैन, रीजन उपाध्यक्ष शरद जैन, रीजन सह सचिव विजय बरडिया एवं अवॉर्ड कन्वीनर मनीष चपलोद के कर-कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर ग्रुप अध्यक्ष राजेंद्र नांदेचा सहित अरुण लूनावत, अनिल लोढ़ा, राजेश चोपड़ा, विलेज छाजेड़, जितेंद्र चंडालिया, स्वप्निल सुराणा, पुलकित केराफ, चंद्रप्रकाश चोरडिया बहनें ममता चोपड़ा, सरिता लुणावत, रीता लोढ़ा एवं अंजू नांदेचा की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### भौगोलिक सर्वेक्षण उपकरणों का अनुप्रयोग विषय पर हुई कार्यशाला



**उज्जैन।** प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय माधव महाविद्यालय, उज्जैन के भूगोल विभाग द्वारा भौगोलिक सर्वेक्षण उपकरणों का अनुप्रयोग विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर कल्पना वीरेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यशाला के विषय विशेषज्ञ डॉ. आरआर आर्य प्राध्यापक, क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय, खरगोन द्वारा भूगोल के विद्यार्थियों को भौगोलिक सर्वेक्षण में प्रयुक्त आधुनिक एवं पारंपरिक उपकरणों की जानकारी प्रदान कर क्षेत्रीय सर्वेक्षण में उपकरणों के व्यावहारिक उपयोग के बारे में बताया। छात्रों एवं शोधार्थियों में सर्वेक्षण कौशल का विकास करना जीआईएस, जीपीएस एवं रिमोट सेंसिंग के अनुप्रयोग पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया। भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. मोहन निमोले द्वारा कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत कर सर्वेक्षण उपकरणों जैसे जरीब एवं फीता, प्रिज्मेटिक कंपास, प्लेन टेबल, डंपीलेवल, थियोडोलाइट, एब्नी लेवल, सेक्सटेंट, क्लाइममीटर, जीपीएस आदि से विद्यार्थियों को रूबरू कराया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. अनन ठाकुर द्वारा कर आभार डॉ. गणेश राठोर द्वारा किया गया। उक्त कार्यशाला को विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों ने अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक बताया। इस अवसर पर शोधार्थी आशीष पवार, सोदान सिंह चौहान, दशरथ प्रसाद, चेतना वाड़िया, मनीष रावत, नारायण, विवेक भारद्वाज, मनु भिड़े सहित 60 से अधिक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# दो दिवसीय कौशल उन्नयन एवं नेतृत्व विकास प्रशिक्षण

## जिला सहकारी संघ ने प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण-पत्र और बैग वितरित किए



**उज्जैन।** मध्य प्रदेश राज्य सहकारी संघ मर्यादित, भोपाल व जिला सहकारी संघ मर्यादित, उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में उज्जैन जिले की जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, उज्जैन के तराना तहसील के शाखाओं एवं सेवा (बी पेक्स) सहकारी संस्थाओं के प्रशासक, शाखा प्रबंधक, समिति प्रबंधक, कम्प्यूटर आपरेटरों का दो दिवसीय कौशल उन्नयन एवं नेतृत्व विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम 18 व 19 दिसम्बर तक आयोजित किया गया, जिसका समापन उज्जैन जिले के सहकारिता उपायुक्त के. पाटनकर के मुख्य आतिथ्य में किया।

कार्यक्रम में तराना तहसील की तराना, माकड़ोन, कनासिया, कायथा एवं ताजपुर शाखाओं की प्राथमिक बहुउद्देशीय कृषि सहकारी समितियों शाखा प्रबंधको, एवं समिति प्रबंधको ने भाग लिया। संघ के प्रभारी प्रबंधक सुमेरसिंह सोलंकी ने सहकारी संस्थाओं के प्रबंधको को उनके अधिकार और कर्तव्यों के के बारे में बताया और कहा कि संस्थाओं का संचालन व्यवस्थित रूप से किया जावें। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपायुक्त सहकारिता के के. पाटनकर ने कहा कि सेवा (बी पेक्स) सहकारी संस्थाएं ग्रामीण क्षेत्र के जरूरतमंद किसानो के उन्नति एवं विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। आज के वर्तमान समय में जिस संस्था के कर्मचारी बैकिंग व कम्प्यूटरीकृत कार्य में निपुण होगा, वहीं संस्थाएं आने वाले समय में नई उंचाईयों तक पहुंचेगी। संस्थाओं को आर्थिक स्तर पर समृद्ध बनाने के लिये शासन द्वारा संस्थाओं को बहुउद्देशीय बनाया गया है जिससे कि संस्थाएँ अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिये अन्य कार्य भी कर सकती है। साथ ही कौशल के संबंध में आपने कहा कि सहकारिता के क्षेत्र में नवाचार के साथ साथ सतत् कार्य करने से ही कार्य में कौशलता आवेगी। आडिट आफीसर संजीव शर्मा ने सहकारिता नीति क्या है के सम्बंध में 18 अध्यायों पर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि आज का पुराना युग समाप्त हो रहा है। हमें वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार नई तकनीकियों के साथ नये नये कार्यों के साथ सहकारिता में कार्य करना है, साथ ही सहकारिता का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके इसके लिये जवाब देही के साथ कार्य करना है। सहकारिता के अंतर्गत नवीन संस्थाओं में कार्य करने से पूर्व शिक्षण प्रशिक्षण लेकर सेवा की भावना के साथ कार्य करने से निश्चित अपने कार्य में सफलता मिलेगी। साथ ही अविनाश जोशी द्वारा संस्थाओं में कम्प्यूटर संबंधी जानकारी दी।

कार्यकम समापन के अवसर पर जिला सहकारी संघ द्वारा प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण-पत्र, बैग वितरण किये गये। कार्यक्रम के अंत में प्र. प्रबंधक सुमेरसिंह सोलंकी ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं प्रशिक्षार्थीयों का आभार माना।



## प्राथमिक कक्षाओं में लेखन कार्य बढ़ाने संवाद कार्यक्रम आयोजित

**घट्टिया। शनिवार को आज दिनांक जन शिक्षाकेंद्र घट्टिया पर जन शिक्षा केंद्र स्तरीय शैक्षिक संवाद का आयोजन किया गया। संवाद का विषय प्राथमिक कक्षाओं में प्रभावी लेखन पर चर्चा की गई व प्राथमिक कक्षाओं में अधिक लेखन कार्य से बच्चों में लेखन के प्रति रुचि बढ़ाने आदि पर चर्चा की गई।**

कार्यक्रम में जनशिक्षक डॉ मदनसिंह बामनिया, हेमपालसिंह तोमर, सहजकर्ता श्यामलाल परमार व कक्षा पहली व दुसरी में पढ़ाने वाले जन शिक्षा केंद्र के अंतर्गत आने वाले विद्यालय के शिक्षक अब्दुल सलाम, निजामुद्दीन कुरैशी, किशोर शर्मा, महेश सोनी, उषा जोशी, रायसिंह चौहान, सुभाष दायमा, गिरधारीलाल राठौर, कालूराम चावड़ा , मंजूजोशी, जमुना ठाकुर, लाखन सिंह चौहान, मनोज कुमार पांड्या, अमिता पांडेकर, आदि शिक्षकों ने सहभागिता की और संवाद के विषय को अपने विद्यालय की कक्षा में लागू करने का संकल्प लिया ।

## महिला सहकारिता में समावेशी विकास-समग्र विकास की जरूरत : प्रो. कल्पना

### माधव कॉलेज में महिला सहकारिता पर केंद्रित राष्ट्रीय सेमिनार का समापन



**उज्जैन। नवाचार और जोखिम उठाकर महिलाएं सशक्त बन सकती हैं। वर्तमान समय में नवाचारों के साथ नए बाजार भी प्राप्त हुए हैं। नई योजनाएं नए उत्पाद बाजार में आ रहे हैं। यह समय सहकारिता के साथ महिलाओं के सशक्त बनने का महत्वपूर्ण समय है।**

यह उद्गार आईआईटी इंदौर की डॉ रुचि शर्मा ने व्यक्त किये। प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय माधव महाविद्यालय में महिला सहकारिता और डिजिटलीकरण विषय पर केंद्रित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का शुक्रवार को समापन हुआ।

तकनीकी सत्रों में शोध पत्रों का वचन हुआ। समापन सत्र को अतिथि वक्ता के रूप में कृति मेहरोत्रा कॉर्पोरेट प्रोफेशनल बैंगलोर, डॉ. रीता तोमर प्राध्यापक नोएडा, प्रियंका बागरी कोटक महिंद्रा बैंकर, गुड़गांव ने संबोधित किया। कार्यक्रम में डॉ. धीरेन्द्र केरवाल ने जेंडर रेस्पॉन्सिव डिजिटल पॉलिसी बनाने की आवश्यकता बताई। महिलाएं सुरक्षा के साथ सहकारिता संबंधी गतिविधियां आसानी से संचालित कर सकें इसके लिए गंभीरता से विचार किये जाने की जरूरत है।

उन्होंने सहकारिता महिला उद्यमिता फण्ड बनाए जाने का सुझाव दिया। प्राचार्य प्रो. कल्पना वीरेंद्र सिंह ने कहा कि महिला सहकारिता में समावेशी विकास और समग्र विकास की जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारत में परिवार के सहकार में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

सांख्यिकी में उनके द्वारा किए जाने वाले छोटे-छोटे कार्यों की गिनती नहीं होती है। संयोजक डॉ. संगीता दुबे ने सेमिनार का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। संचालन डॉ. कंचन ससाने ने किया। आभार डॉ. रीना अध्नयु ने माना। तकनीकी सत्र में डॉ. मंसूर खान, डॉ. शोभा मिश्रा, डॉ. प्रमोद मालवीय, डॉ. नीरज सारवान, प्रो शुभकामना रक्ताले, प्रो सलोनी पवार, डॉ. मोहित पांचाल, प्रो राधेश्याम भील, पल्लवी चतुर्वेदी ने शोध पत्रों का वाचन किया। इस अवसर पर डॉ. दिनेश जोशी, डॉ. जफर महमूद, डॉ. बीएस अखण्ड, डॉ. म्युरियल सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे।

## अस्मिता -महिला बास्केटबॉल सीटी लीग का शुभारंभ




**उज्जैन।** भारत सरकार, भारतीय खेल प्राधिकरण, मध्य प्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में उज्जैन कार्पोरेशन एरिया बास्केटबॉल एसोसिएशन द्वारा अस्मिता -महिला बास्केटबॉल सीटी लीग 2025-26 का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि पुष्पा चौरसिया वरिष्ठ शिक्षाविद् द्वारा विचार व्यक्त करते हुए कहा कि उज्जैन शहर की 15 टीम इस प्रतियोगिता में भाग ले रही है। महिलाओं के इस उत्साह को देखते हुए इस तरह की और भी प्रतियोगिताएं अधिक से अधिक करवाने की उज्जैन शहर में आवश्यकता है। बास्केट बॉल खेल जिस तरह से शहर में लोकप्रिय हो रहा है, उसका संपूर्ण श्रेय यहां के कोच और खिलाड़ियों को जाता है। भविष्य में उज्जैन का नाम इंडिया लेवल पर टॉप पर रहेगा। एसोसिएशन की अध्यक्ष ज्योति शर्मा व सचिव ऋतु शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता नाकआउट पद्धति पर खेली जाएगी। जिसमें विजेता, उपविजेता टीमों को मेडल, ट्रॉफियां प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता का बेस्ट प्लेयर का प्राइज़ राष्ट्रीय खिलाड़ी शरद वाघमारे भविष्य इवेंट द्वारा दिया जाएगा। प्रतियोगिता की अध्यक्षता पद्मजा रघुवंशी, नृत्य गुरू, प्रतिभा संगीत कला संस्थान तथा विशेष अतिथि गीता गर्ग प्राचार्य ज्ञानसागर अकादमी स्कूल, क्षेत्रीय पार्षद आशिमा गौरव सेंगर रही। स्वागत भाषण मनीषा पंवार द्वारा दिया गया। जिनका स्वागत प्रगति जैन, समीक्षा भदौरिया, विनोद पांचाल, ममता गौड, सुनीता यादव, सेजल द्वारा किया गया। स्वागत भाषण मनीषा पंवार द्वारा दिया गया। आभार प्रदर्शन प्रगति जैन द्वारा प्रस्तुत किया। आयोजन समिति की सचिव ऋतु शर्मा द्वारा सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए सभी अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता की शुरुआत की गई।

## 10 हजार का फरार इनामी आरोपी गिरफ्तार



**बड़नगर।** पुलिस थाना बड़नगर पर 7 अक्टूबर 2025 को फरियादी शाबिर पिता कालू खां उम्र 25 वर्ष निवासी कजलाना द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि आरोपीगण इरफान पिता उमर हयात निवासी मल्हारगढ़ जिला मंदसौर, बबलू उर्फ सफिक पिता मुनीर उद्दीन निवासी महिदपुर ने फरियादी की निजी लोडिंग वाहन आयशर क्रमांक एमपी 09 डीएज 7584 को किराये पर ले जाने के बहाने लेकर आपसी षड्यंत्रपूर्वक अन्यत्र विक्रय कर दिया। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना बड़नगर में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान आरोपियों की पतारसी की गई। 8 अक्टूबर 2025 को आरोपी इरफान पिता उमर हयात उम्र 32 वर्ष निवासी मल्हारगढ़ जिला मंदसौर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी इरफान ने अपने साथी बबलू उर्फ सफिक के साथ मिलकर अपराध करना स्वीकार किया, जिसे बाद पूछताछ जेल भेजा गया। आरोपी बबलू उर्फ सफिक फरार होने से उस पर 10,000/- रुपये का इनाम घोषित किया गया था।18 दिसंबर को आरोपी बबलू किला रोड महिदपुर क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना पर थाना महिदपुर पुलिस टीम के सहयोग से दबिश देकर गिरफ्तार किया गया। गबन की गई आयशर वाहन की बरामदगी हेतु आरोपी से गहन पूछताछ जारी है। उक्त सराहनीय कार्रवाई में निरीक्षक अशोक कुमार पाटीदार, निरीक्षक नरेन्द्र सिंह परिहार (थाना महिदपुर), सउनि राजेन्द्र सिंह हाडा, सउनि सुनील देवके, हेमराज खरे, कैलाश गरवाल, रोहित मालवीय, मनोज बैरागी, प्रवीन सिंह (थाना महिदपुर), आदिराम की सराहनीय भूमिका रही।

**एक नजर** किला स्थित दिल्ली दरवाजा पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित , गऊघाट स्थित तुलसाबाई जी की समाधि पर श्रद्धासुमन अर्पित किए

# शहीद दिवस कार्यक्रम का आयोजन



**महिदपुर। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुक्रम में तृतीय आंग्ल मराठा युद्ध-1817 के 209 वर्ष पूर्ण होने पर 20 दिसम्बर 2025 को शहीद दिवस समारोह का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत गउघाट स्थित तुलसाबाई जी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। जिसके बाद किला स्थित दिल्ली दरवाजा पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित हुआ।**

विजय स्तंभ पर शहीदों को पुष्पांजली, गार्ड ऑफ ऑनर तथा दो मिनिट का मौन रखा गया। मुख्य समारोह अमर सुहाग गार्डन में आयोजित किया गया, कार्यक्रम की शुरूआत में अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित किया, इसके बाद अतिथियों द्वारा स्वागत मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजा यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो0 अर्पण भारद्वाज, कुलगुरू, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन, विशिष्ट अतिथि श्रीमंत उदयसिंह राजे होल्कर, अध्यक्ष, देवीश्री अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी जयंती समारोह, नई दिल्ली, डॉ. प्रशांत पौराणिक, प्राचार्य, शासकीय कन्या महाविद्यालय, उज्जैन, डॉ. रमण सोलंकी, पुरातत्ववेत्ता, उज्जैन, प्रोफेसर अंशू भारद्वाज, विभागाध्यक्ष-इतिहास विभाग, शासकीय माधव महाविद्यालय, उज्जैन, उज्जैन विशेष अतिथि दिनेश जैन बोस, विधायक, बहादुरसिंह चौहान, नानीबाई ओमप्रकाश माली, राजारामजी कहार थे। सभी अतिथियों ने अपने उद्बोधन दिया। अध्यक्षता डॉ. आरसी ठाकुर, अध्यक्ष- अश्विनी शोध संस्थान, महिदपुर द्वारा की गई। इतिहास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रोफेसर अंशु भारद्वाज एवं डॉ. एच.एन. अनिजवाल को डॉ. श्यामसुंदर निगम स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया, सम्मान पत्र का वाचन जिला विकास सलाहकार समिति सदस्य निर्भयसिंह भाटी एवं कैलाश राठी ने किया। संचालन दिनेश दिग्गज, राष्ट्रीय कवि द्वारा किया गया। आभार मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजा यादव द्वारा व्यक्त किया गया। इस अवसर पर पार्षदगण आशा राठौर, नेहा पियुष सकलेचा, कैलाश बगाना, उमा पाण्डे, फरमान मंसूरी, अरूणा आंचलिया, जगदीश राठौर, गुलाम मोहम्मद नागौरी, नजमारानी नागौरी, हसीना बी मंसूरी एवं जनप्रतिनिधिगण, समाजसेवी, पत्रकारगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।